संख्या-13/2016/377/38-6-16-01(एवीआरवाई)/2015

प्रेषक,

वी0हेकाली झिमोमी,

सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,

ग्राम्य विकास,

उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक-10 मई ,2016

विषय:- अम्बेडकर विशेष रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु अनुदान सं0-13(सामान्य मद) की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-जी0ओ041/कार्यक्रम अनुभाग/एवीआरवाई/2016, दि0-03.05.2016 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अम्बेडकर विशेष रोजगार(एवीआरवाई) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए अनुदान सं0-13 सामान्य मद में रू0-6.00 करोड की बजट व्यवस्था है। बजट व्यवस्था के सापेक्ष वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दि0-22.03.2016 के प्रस्तर-2(6) में दी गई व्यवस्था के अनुरूप अनुदान सं0-13 में कुल प्रावधानित धनराशि रू0-6.00 करोड(रूपये छः करोड) के सापेक्ष रू0-3.00 करोड(रूपये तीन करोड मात्र) को स्वीकृत करते हुए आयुक्त, ग्राम्य विकास के निर्वतन पर रखे जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते है कि प्रश्नगत धनराशि का राजकोष से आहरण परियोजनावार शासन स्तर से परियोजना की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही तदनुसार किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय व्ययक अनुदान सं0-13 के अंतर्गत स्वीकृत की जाने वाली धनराशि लेखा शीर्षक-"2515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम-आयोजनागत-102-सामुदायिक विकास-08-विशेष रोजगार योजना-27-सब्सिडी" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दि0-22.03.2016 में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जारी किए जा रहे है।

भवदीया,

(वी0हेकाली झिमोमी)

सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-13/2016/377(1)/38-6-2016 तददिनांक।

उपर्युक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें, नवां तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी/कोषाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4
9- योजना से संबंधित समस्त लाइन विभाग द्वारा आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(प्रभात कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in